महत्वपूर्ण एवं खास

प्रदेश में ब्लैक फंगस से और एक मौत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में ब्लैक फंगस से और एक मौत हो गई। इससे बिलासपुर जिले के पाली निवासी 52 वर्षीय अधेड़ की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि मरीज सिम्स में 25 मई से भर्ती। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिम्स बिलासपुर में ब्लैक फंगस से करीब दो दर्जन से अधिक मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें एक अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई, वहीं चार गंभीर मरीजों को रायपुर भी रेफर किया गया है। बताया गया कि क्षेत्रीय विधायक शैलेष पांडेय ने गुरूवार को सिम्स के ब्लैक फंास वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें जानकारी लगी कि उपचार में उपयोग में आने वाले दवा लाइसोसोमअस खत्म हो चुकी है। वही एंफोटरइसिन बी की सिर्फ 55 डोज उपलब्ध हैं। ऐसे में उन्होंने तत्काल ड्रग विभाग को दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

चाकू टिकाकर बाईक सवार से मोबाईल व नगदी की लूट,दो अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। मोटरसाइकिल सवार से चाकू टिकाकर मोबाईल व नगदी रुपये लूट लेने की रिपोर्ट राजेन्द्रनगर थाने में दर्ज करायी गई हे। मिली जानकारी के अनुसार महात्मागांधी नगर अमलीडीह निवासी प्रकाश कुमार साहू 22 वर्ष पिता टीमराम साहू ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 26 मई को शाम 05 बजे बाईक से जा रहा था तभी अमलीडीह फल मार्केट के पीछे अज्ञात 02 लोगों ने उसे रोककर चाकू की टिकाकर पैसा मांगे नही है कहने पर मारपीट कर जेब में रखा 2000 रुपये नगद एवं वीवो कंपनी का मोबाईल लूटकर अपनी मोटरसाइकिल से भाग गए। घटना के बाद पीड़ित काफी डर गया था,जब इसकी जानकारी अपने पिता को दी उसके बाद 27 मई को शाम 6.30 बजे थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 394 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

मुख्यमंत्री के प्रयास से गुरुकुल से वापस घर लौटे मासूम बच्चे

गरियाबंद (आरएनएस)। बाबा रामदेव पतंजलि गुरुकुलम में छत्तीसगढ़ स्थित गरियाबंद जिले के बच्चे पढ़ाई करने गए थे । लॉक डाउन और स्कूल बंद होने के कारण जब अभिभावक उन बच्चों को लेने पहुंचे तो वहां के प्रबंधन ने उनसे बच्चों को घर भेजने के एवज में 2 लाख की मांग की इससे परेशान परिजनों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल से गुहार लगाई। फिर मुख्यमंत्री के निर्देश पर गरियाबंद पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर के प्रयास के बाद उन बच्चों को अभिभावकों को हरिद्वार प्रशासन द्वारा सौंप गया।

महिला के ऊपर पेड़ गिरने से हुई मौत

कांकेर (आरएनएस)। जिले के अंतागढ़ थानांतर्गत आम बिनने के लिए गई महिला के ऊपर पेड़ गिरने से मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर मर्ग कायम कर पंचनामा कर पीएम करवाया गया और शव को परिजनों को सौंपा गया। अंतागढ़ पुलिस ने बताया कि पोरोण्डी निवासी 45 वर्षीय अल्का पति लखन दास आम बीनने के लिए गई हुई थी, जो आम बिनकर वापस घर आ रही थी तभी तेज आंधी तूफान चालू हुआ और महिला के ऊपर पेड़ गिर गया। घटना के बाद तुरन्त ही महिला को सीएचसी अंतागढ़ में भर्ती कराया गया पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

करंट के चपेट में आने से बैल की मौत

कांकेर (आरएनएस)। जिले के गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 52 निवासी 36 वर्षीय संजय दास पिता मथुरा दास द्वारा अपने खेत बाड़ी में फैसिंग तार कर करंट लगा दिया था, जिससे गांव के 65 वर्षीय चंडी चरण बाला पिता सूखचंद बाला के बैल का करंट लगने से मौत हो गया। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

अनलॉक होते ही सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ का रेला, बढ़ाएगा कोरोना संक्रमण

» लाकडाउन समस्या का समाधान नहीं

रायपुर (आरएनएस)। द्वितीय लाकडाउन के अनलाक होते ही शासन द्वारा कलेक्टरों के माध्यम से दी जा रही रियायतों का दुरुपयोग होना शुरू हो गया है। बड़ी मुश्किल से कोरोना संक्रमण की रफ्तार में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से राज्य शासन के समन्वित प्रयास से कमी लाई गई है किंतु शाम 6 बजे तक बाजार खुला रहने से अनलाक का नाजायज लाभ लेते लोग दिखाई दे रहे हैं। सोशल डिस्टेसिंग की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। आज भ्रमण के दौरान स्वयं आरएनएस प्रतिनधि ने ठेले खोमचों पर एवं विभिन्न व्यापारिक संस्थानों में मुख्य बाजारों में लोगों की भीड़ का रेला देखा। सोशल डिस्टेसिंग एवं कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन होने पर पुनः संक्रमण का खतरा बना हुआ है। ज्ञातव्य है कि स्वयं राज्य शासन के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने सार्वजनिक रूप से बयान देकर कहा था कि लाकडाउन समस्या का समाधान नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में शिक्षितों द्वारा जिस तरीके से ठेलों दुकानों, निजी सार्वजनिक संस्थानों में भीड़ लगाई जा रही है उसके चलते पुनः संक्रमण का खतरा बना हुआ है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा बार बार प्रचार माध्यमों के जरिए स्पष्ट समझाईश दी जा रही है कि कोरोना की रफ्तार कम हुई है। तीसरी लहर का खतरा अभी भी बरकरार है। शहर के कुछ प्रबुद्ध नागरिकों के अनुसार कोरोना गाइड लाइन के उल्लंघन के मामले में महामारी अधिनियम में दिये गये प्रावधानों को मुख्यमंत्री और कड़ा बनाए ताकि कुछ लोगों की लापरवाही बड़ी आबादी के लिए कोरोना वायरस कोविड 19 की महामारी का सबब न बन सके।

एकाउटेंट 01 लाख रुपये लेकर भागा, मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। बैंक से रुपये निकालकर पेमेन्ट करने गया कर्मचारी एक लाख रुपये लेकर फरार हो गया। घटना की शिकायत टिकरापारा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंगबोर्ड कालोनी सेजबहार निवासी विनय कोरी 32 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी सीसी टीवी कैमरा का बिजनेस करता है। ग्राफेन टेक्नोलोजी के नाम से पचपेड़ीनाका में आफिस है,करीब 04 माह से रवि सैनी उर्फ सतवीर सैनी निवासी भोपाल मध्यप्रदेश नाम का व्यक्ति पीड़ित के आफिस में एकाउन्टेंट के पर कार्य करता था। प्रार्थी रवि सैनी को 18 मई को शाम को एक सेल्फ चेक 01 लाख का रुपये पंजाब नेशनल बैंक तेलीबांधा का दिया था। रकम निकालकर आरडी फाइनेंस नेहरूनगर जग्गी काम्पलेक्स में देने बोला था। 19 मई को रवि सैनी ने फोन कर बताया कि सेल्फ चेक से रकम निकालकर आरडी काम्पलेक्स नेहरु नगर जा रहा हूं। दोपहर 02 बजे आरडी फाइनेंस आफिस से रुपये नही पहुंचने की जानकारी मिलने पर प्रार्थी ने रवि सैनी को कॉल किया। तब उसके दोनों नंबर बंद आ रहे थे। उसके किराए के रुम सुंदर विहार कालोनी पहुंचने पर ताला बंद मिला। मोहल्ले में आस-पास पता करने पर उसका पता नही चला। 27 मई तक उसका दोनों मोबाईल नंबर आ रहा है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसका एकाउटेंट रवि सैनी उर्फ सतवीर रुपये लेकर भाग गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने धारा 409 के तहत अपराध कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

चक्रवाती घेरा बनने से अगले 24 घंटे में उत्तरी छत्तीसगढ़ में होगी हल्की बारिश

रायपुर (आरएनएस)। एक उत्तर-पश्चिम द्रोणिका राजस्थान से उत्तर-पूर्वी राजस्थान होते हुए उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश की ओर समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर है। बिहार और उससे सटे पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर सुचिह्नित निम्न दबाव का क्षेत्र अब पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे सटे बिहार के पूर्वी हिस्सों पर स्थित है और इसके साथ चक्रीय चक्रवाती घेरा 7.6 किमी तक विस्तारित है। अगले 12 घंटों के दौरान सिस्टम के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और कमजोर होकर कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है।

प्रदेश के सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग में में भी एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छीटें पड सकते हैं। मध्य क्षेत्र में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छीटें पड सकते हैं। प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी भाग में गरज चमक के साथ अंधड चलने और आकाशीय बिजली गिरने की सम्भावना है। अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने की सम्भावना है।

परीक्षा फीस कम करने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एबीवीपी ने रविवि प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

रायपुर (आरएनएस)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने परीक्षा शुल्क कम करने और छात्रों से लेट फीस नहीं लेने सहित 5 सूत्रीय मांग को लेकर पंडित रवि शंकर विश्वविद्यालय प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा है साथ ही एबीवीपी ने 5 दिनों के अंदर मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

एबीवीपी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि कोरोना के चलते छत्तीसगढ़ में डेढ़ महीने से लॉकडाउन की स्थिति थी। वहीं इस महामारी के बीच रवि शंकर विश्विद्यालय ने ऑनलाइन परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। विश्विद्यालय अपने छात्रों से बहुत ज़्यादा परीक्षा शुल्क ले रही है। एबीवीपी का कहना है कि लॉकडाउन की वजह से फॉर्म नहीं भर पाए छात्रों से लेट फीस वसूला गया है,जो कि अनुचित है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि कोरोना के चलते सभी वर्ग के लोगों की आर्थिक स्थिति खराब है। ऐसे में ऑनलाईन परिक्षा के लिए पूरा परीक्षा शुल्क और साथ ही लेट फ ीस लेना उचित नहीं है। वहीं विश्विद्यालय का पोर्टल बंद होने के कारण कई छात्र परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए है।

एबीवीपी ने मांग की है कि परीक्षा शुल्क 50 प्रतिशत कम किया जाए। लेट फीस लेने पर तत्काल रोक लगाई जाए। जो छात्र फॉर्म नहीं भर पाए हैं, उनके लिए कुछ दिन ऑनलाइन पोर्टल को पुनः शुरू किया जाए। कॉलेज के पास रहने वाले विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका कॉलेज से ही उपलब्ध कराई जाए। जो छात्र किसी कारण से परीक्षा ना दे पाए हो, उनकी परीक्षा लेने की व्यवस्था की जाए। लेट परीक्षा शुल्क ना लिया जाए।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने वैक्सिनेशन के लिए चलाया जागरूकता अभियान

» महिला वर्ग स्वस्फूर्त ढंग से पहुंच रही वैक्सिनेशन के लिए

» संकटकाल में नागरिकों तक हर सम्भव सहायता पहुंचाना ही मेरी प्राथमिकता

रायपुर (आरएनएस)। संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय द्वारा वैक्सीनेशन के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान तेजी से सफल होता दिख रहा है, वैक्सीनेशन के लिए माताओं एवं बहनों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और वे स्वःस्फूर्त ढंग से वैक्सीनेशन के लिए टीकाकरण केंद्रों में पहुंच रही है। इसी क्रम में आज श्री उपाध्याय ने सरोना क्षेत्र वार्ड नम्बर 70 में जनजागरूकता अभियान चलते हुए लोगो को वैक्सिनेशन के लिए प्रेरित करते हुए कोरोना से बचने उपाय भी बताया।

श्री उपाध्याय ने इस अभियान को और गति देते हुए आज अपने क्षेत्र में 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों की सुविधा के लिए दो ने टीकाकरण केंद्रों को शुरू कराया।

उपाध्याय ने कहा कि 44 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के लिए आज जोन 7 कार्यालय, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड नम्बर 38 तथा काली माता सामुदायिक भवन, संत रामदास वार्ड वार्ड क्रमांक 25 में दो नए टीकाकरण केंद्र शुरू कराया गया है। उन्होंने माताओं एवं बहनों द्वारा जागरूकता दिखाते हुए वैक्सीनेशन के लिए भारी संख्या में आगे आने पर खुशी जताते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है जब तक सभी नागरिकों को टीका नहीं लग जाता वह जागरूकता के लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे। श्री उपाध्याय ने कहा कि उनकी मंशा है कि वैक्सीनेशन के लिए किसी भी नागरिक को कोई परेशानी ना हो और उन्हें इस संकट काल में हर संभव मदद मिल सके इसके लिए वे लगातार प्रयासरत है और यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। अपने अभियान को गति प्रदान करते हुए श्री उपाध्याय आज स्वयं ऑटो चलाते हुए एवं माइक से लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करते देखे गए। अभियान के क्रम में आज उन्होंने वार्ड क्रमांक 38 एवं वार्ड क्रमांक 25 में दस्तक देते हुए नागरिकों से प्रत्यक्ष मुलाकात की और उन्हें कोरोना से बचने के लिए वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया।

श्री उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार कोरोना काल में इससे लड़ने देश भर में सभी राज्यों से अच्छा काम किया है और वैक्सिनेशन के मामलों में भी आगे है। छत्तीसगढ़ राज्य कोरोना से लड़ाई के मामले में एक उदाहरण बन चुका है। वैक्सिन के वेस्टेज के मामले में भी नहीं के बराबर है। इस तरह से छत्तीसगढ़ सरकार एक आदर्श प्रदेश की तरह इस काल को जनता के अनुरूप बनाये रखने सफल हुआ है।

6 निरीक्षक और 2 उपनिरीक्षकों का तबादला

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। जांजगीर पुलिस विभाग में फेरबदल का आदेश जारी हुआ है। जारी आदेश के अनुसार जिले के 6 निरीक्षक और 2 उपनिरीक्षकों का तबादला किया गया हैं। एसपी पारुल माथुर ने पुलिसिंग व्यवस्था में प्रशासनिक कसावट लाने यह तबादला किया है। आदेश के अनुसार निरीक्षक, रूपक शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा को पूर्व आदेश में आंशिक संशोधन कर थाना प्रभारी सक्ती बनाया गया है।

निरीक्षक रविन्द्र अनंत- थाना प्रभारी पामगढ़,निरीक्षक, मनीष सिंह परिहार- थाना प्रभारी अकलतरा,निरीक्षक, उमेश साहू- थाना प्रभारी हसौद किये गये आदेश में आंशिक संशोधन कर रक्षित केन्द्र में पदस्थ किया गया है। निरीक्षक, कुमार सिंह उसेंडी रक्षित केन्द्र किये गये आदेश में आंशिक संशोधन कर चौकी प्रभारी अड़भार बनाया गया है। निरीक्षक, व्ही.एन.भारद्वाज- थाना प्रभारी बलौदा। वहीं उप निरीक्षक, सनत कुमार मात्रे- रक्षित केन्द्र (संबद्ध सायबर सेल) किये गये आदेश में आंशिक संशोधन कर थाना जैजेपुर में पदस्थ किया गया है तथा उप निरीक्षक, पुष्पराज साहू- चौकी प्रभारी अड़भार किये गये आदेश में आंशिक संशोधन कर यथावत थाना हसौद में पदस्थ कर दिया गया है।

नौकरी लगवाने के नाम पर 1 लाख की ठगी

कोरबा (आरएनएस)। शहर के दो लोगों ने बालको क्षेत्र निवासी एक महिला को कोरबा में छात्रावास अधीक्षक बनाने के नाम पर 1 लाख ठग लिए। शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी केस दर्ज किया है। बालको थाना क्षेत्र के भदरापारा में रहने वाली गीता सिंह जोमैटो ऑफिस में काम करती है। उसका सीएसईबी चौकी क्षेत्र के तुलसीनगर स्थित अटल आवास निवासी 42 वर्षीय अशरद अली से परिचय है। महिला के अनुसार अशरद ने छात्रावास अधीक्षक के रूप में सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया था।

उससे 4 लाख मांगे थे। अशरफने गीता को शारदा विहार अमरैयापारा निवासी 40 वर्षीय सुंदर यादव से मिलवाया था। दोनों ने नौकरी लगने की गारंटी दी। सुंदर ने खुद को सरकारी विभाग में ऊंचे पद पर होने की बात कहते हुए नौकरी लगाने का भरोसा दिलाया और 4 लाख मांगे। बड़ी रकम एक साथ नहीं दे पाने की बात कहने पर उन्होंने गीता से पहले 1 लाख देने कहा। गीता ने बैंक से पर्सनल लोन लेकर तीन अलग.अलग किस्त में सुंदर व अशरद को 1 लाख रुपए दे दिए। इधर एक साल से ज्यादा बीतने के बाद भी उसकी नौकरी नहीं लगी। दोनों आजकल में नौकरी लगा देने की बात कहते हुए झांसा देते रहे। ठगी का अहसास होने पर गीता सिंह ने दोनों के खिलाफ सीएसईबी चौकी पुलिस से शिकायत की। जिस पर दोनों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

बड़े बाजार मालवीय रोड गोल बाजार में आज से होंगी हर दुकानदार कर्मचारियों की कोरोना जांच

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना संक्रमण के तीसरी लहर को देखते हुए और उसे रोकने के लिए ?सरकार ने मालवीय रोड गोल बाजार में आज से करोना टेस्ट शुरू करने जा रही है मालवीय रोड गोल बाजार में सैकड़ों दुकानें हैं दुकानदारों और उनके कर्मचारी की कोरोना टेस्ट होगा और साथ ही आने जाने वाले लोग ग्राहक खरीदार का भी कोरोना टेस्ट किया जाएगा। जिसकी रिपोर्ट 10 मिनट में आ जाएगी। उसके लिए 20 लोगो की टीम को फिल्ड बनाकर उतारा जाएगा।और मोबाइल टेस्टिंग यूनिट को भी फील्ड में शामिल किया गया है साथ ही पुलिस की जवान व्यवस्था को संभालने के लिए टीम के साथ शामिल रहेंगे ।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनमुख्य छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती चेतना श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मूलत रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यक्रमों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिहर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

उपलब्धियों भरा रहा मोदी का 7 वर्षों का कार्यकाल - ठाकुर शशि पवार

» केंद्र सरकार के 7 वर्ष पूर्ण होने पर सैकडों भाजपाई करेंगे रक्तदान

» 31 को होंगे वृहत सेवा कार्यक्रम

रायपुर (आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के दिशा निर्देश पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के केंद्र में लगातार 7 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देश भर में भाजपा द्वारा वृहत सेवा कार्यक्रम चलाए जायेंगे। सेवा ही संगठन अभियान 2 के तहत भाजपा कार्यकर्ता देश भर में एक लाख से अधिक गांवों में तथा छग में लगभग 10 हजार गांवों तथा वार्डों में अपनी सेवाएं देंगे। कोरोना काल मे विगत एक वर्ष से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राशन वितरण भोजन पैकेट वितरण मास्क वितरण सैनेटाइज़र वितरण जैसे अनेक कार्य बड़े पैमाने पर किये गए हैं। इसी सेवा अभियान को आगे बढ़ाते हुये सेवा ही संगठन अभियान 2 के तहत कोरोना की दूसरी लहर में भी उक्त सभी सेवा कार्य के अतिरिक्त रक्तदान प्लाज्मा दान ऑक्सीजन सेवा एम्बुलेंस सेवा कोरोना पीड़ितो की मदद हेतु हेल्प डेस्क टीकाकरण हेतु हेल्प डेस्क इत्यादि भी बनाये गए। भाजपा की धमतरी जिला इकाई ने भी अपनी पूरी क्षमता और सामर्थ्य के साथ इन सेवा कार्यों में सहभागिता दिखाई है। जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने बताया कि केंद्र में प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुये नरेन्द्र मोदी जी को 7 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इन 7 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने विकास के नित नए आयाम गढ़े हैं। बुनियादी सुविधाएं जैसे रोटी कपड़ा मकान बिजली सड़क पानी शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस सरकार ने प्रमाणिकता के साथ काम किया है। अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव साफ देखा जा सकता है। देश मे हर व्यक्ति को अनाज सुलभ है। हर घर मे बिजली पीने का शुद्ध पानी पहुंचाया है। हर गांव तक सड़क हर गरीब का अपना पक्का मकान हर गृहिणी को गैस चूल्हा समाज के हर वर्ग के लिये स्वास्थ्य बीमा आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख का मुफ्त ईलाज 108 एम्बुलेंस महतारी एक्सप्रेस से लेकर बड़ी संख्या में नए एम्स अस्पतालों की स्थापना मेडिकल कॉलेज इंजीनियरिंग कॉलेज आई टी आई इत्यादि का निर्माण नयी शिक्षा नीति का निर्माण नयी इत्यादि विकास के बहुआयामी रूप इन 7 वर्षों में देखने को मिले हैं। किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य में सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक किसान को 6 हजार रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहयोग सरकार दे रही है। अधिकांश फसलों में समर्थन मूल्य को लागत से डेढ़ गुना किया गया है। खाद में सब्सिडी बढ़ाने का साहसिक फैसला अभी अभी केंद्र सरकार ने लिया है। स्वच्छता के क्षेत्र में देश जागरूक हुआ है।